भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3995
12.08.2026 को उत्तर देने के लिए

एमपीलैड्स के ई-साक्षी पोर्टल में समस्याएं

3995. श्री एम. के. राघवनः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीलैड्स) के प्रशासन और निगरानी के लिए लागू किए गए 'ई-साक्षी' पोर्टल के कार्यनिष्पादन की समीक्षा की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को संसद सदस्यों और उनके कार्यालयों को 'ई-साक्षी' पोर्टल का उपयोग करते समय आने वाली समस्याओं की जानकारी है, जिनमें यूज़र इंटरफ़ेस, नेविगेशन, प्रस्तावित कार्यों की पहचान, सर्च फ़ंक्शनैलिटी और वर्कफ्लो मैनेजमेंट से जुड़ी समस्याएँ शामिल हैं; और

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार 'ई-साक्षी' पोर्टल के यूज़र इंटरफ़ेस (यूआई) को आधुनिक बनाने और इसकी कार्यक्षमता को बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठा रही है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री (राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (ग) संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीलैड्स) के अधीन संशोधित निधि प्रवाह प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए विकसित ईसाक्षी पोर्टल की निरंतर समीक्षा और आवधिक सुधार किए जाते हैं। मंत्रालय नियमित रूप से संसद सदस्य, जिला प्राधिकरणों, कार्यान्वयन एजेंसियों और अन्य हितधारकों से प्रतिक्रिया प्राप्त करता है और पोर्टल की उपयोगिता, कार्यक्षमता और परिचालन दक्षता में सुधार के लिए आवश्यक संशोधन प्रारंभ करता है।

पोर्टल के आधुनिकीकरण के लिए चालू प्रयासों के तहत, मंत्रालय ने एमपीलैड्स ईसाक्षी पोर्टल और मोबाइल एप्लिकेशन के यूजर इंटरफ़ेस (यूआई) और कार्यक्षमताओं में विभिन्न सुधार किए हैं। केंद्रीय, राज्य और जिला प्राधिकरणों के संबंधित लॉगिन के अंतर्गत समर्पित निगरानी रिपोर्ट और डैशबोर्ड उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे विभिन्न चरणों में लंबित कार्यों सहित एमपीलैड्स कार्यों की स्थिति और प्रगति की वास्तविक समय में निगरानी करना सुनिश्चित की जाती है। इन विशेषताओं ने पर्यवेक्षण को सुदृढ़ किया है और विभिन्न प्रशासनिक स्तरों पर प्रभावी निगरानी और समीक्षा को सुगम बनाया है।

उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने और पारदर्शिता एवं निगरानी को सुदृढ़ करने के लिए समय-समय पर कई अन्य सुधार भी प्रारंभ किए गए हैं। हाल की अवधि के दौरान किए गए प्रमुख सुधारों में बेहतर पहुंच और स्पष्टता के लिए सार्वजनिक डैशबोर्ड का पुनर्गठन, पूर्ण किए गए एमपीलैड्स कार्यों की जिओ-टैग फोटोग्राफ को अनिवार्य रूप से अपलोड करना, माननीय संसद सदस्य के लिए पूर्ण किए गए कार्यों की फोटोग्राफ अपलोड करने का प्रावधान, जहां आवश्यक हो कार्यान्वयन एजेंसियों और जिला प्राधिकरणों को फोटोग्राफ पुनः अपलोड करने में सक्षम बनाना, और निगरानी तथा उपयोग में सुगमता को बेहतर बनाने के लिए रिपोर्ट और डैशबोर्ड को और सुदृढ़ करना शामिल है।

पोर्टल के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए, मंत्रालय हितधारकों के लिए नियमित रूप से कार्यशालाओं, वेबिनारों और व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता है। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2023 के मानसून सत्र से लेकर अब तक संसद के प्रत्येक सत्र के दौरान, माननीय संसद सदस्य को योजना एनेक्स संबंधी प्रक्रियाओं और ई-साक्षी पोर्टल के उपयोग में सहयोग प्रदान करने के लिए संसद भवन एनेक्स में एमपीलैड्स कियोस्क स्थापित किए गए हैं। यह कियोस्क सत्र के दौरान सभी कार्यदिवसों में प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक समर्पित हेल्प डेस्क के रूप में कार्य करते हैं, जो सदस्यों को तकनीकी और प्रक्रियात्मक सहायता प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, सभी हितधारकों के मार्गदर्शन के लिए उपयोगकर्ता मैनुअल तथा निर्देशात्मक वीडियो ईसाक्षी पोर्टल पर उपलब्ध कराए जाते हैं।

*****